पत्रांकः बीएसडीएम/एसडीएम– 1333 दिनांक 25/6/25

बिहार सरकार

श्रम संसाधन विभाग

**बिहार कौशल विकास मिशन**

प्रेषक

मिशन निदेशक,
बिहार कौशल विकास मिशन
बिहार, पटना

सेवा में,

केंद्र संचालक,
KYP, BS&CFA, RTD, Domain, Government Polytechnic and ITIs ,
बिहार

**विषयः बिहार कौशल विकास मिशन द्वारा आयोजित किए जाने वाले राज्य स्तरीय 'मेगा जॉब फेयर' के सम्बन्ध में।**

महाशया / महाशय,

बिहार कौशल विकास मिशन (बीएसडीएम), बिहार राज्य में कौशल विकास हेतु नामित नोडल एजेंसी है, जिसका प्रमुख उद्देश्य राज्य में एक सुदृढ़ कौशल पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना तथा आवश्यक आधारभूत संरचना उपलब्ध कराना है। यह मिशन राज्य सरकार के भीतर कौशल विकास के संदर्भ में समन्वय का एकल बिंदु एवं सर्वोच्च निकाय के रूप में कार्य करता है।

उक्त संदर्भ में, बिहार कौशल विकास मिशन द्वारा राज्य के विभिन्न प्रशिक्षण संस्थानों से (KYP , BS&CFA , RTD , Government Polytechnic and ITIs) प्रशिक्षित प्रशिक्षणार्थियों के लिए 'मेगा जॉब फेयर' का आयोजन दिनांक 10 से 15 जुलाई, 2025 तक दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान, पटना में किया जा रहा है।

अतः आपसे अनुरोध है कि आपके प्रशिक्षण केंद्रों से प्रशिक्षित ऐसे प्रशिक्षणार्थी, जो रोजगार प्राप्ति के इच्छुक हों, पहचान कर उनके रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पत्र के साथ संलग्न क्यूआर कोड के माध्यम से यथाशीघ्र पूर्ण कराएं, ताकि मेगा जॉब फेयर में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।

अनुलग्नक : यथोक्त।

विश्वासभाजन

24/6/25

(सुरेश कुमार सिंह)
मिशन निदेशक
बिहार कौशल विकास मिशन

क्यू0 आर0 कोड–

**Candidate Registration**